हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

04 नपा अध्यक्ष उप निर्वाचन को लिए पीठासीन...



07 सही समय पर उठाया गया कदम लाया सकारात्मक...





## खबर संक्षेप

### कहानी संग्रह चीलपहाड़ी की जिज्जी का विमोचन 12 अक्टूबर को

**सागर।** नगर की सुप्रसिद्ध लेखिका स्व.जयन्ती जया जे सी श्रीवास्तव के कहानी संग्रह चील पहाड़ी की जिज्जी का विमोचन व स्मृति आयोजन 12 अक्टूबर को दोपहर 01.30 बजे से कांची सभागार सिविल लाइंस सागर में किया जाएगा। श्यामलम संस्था द्वारा श्रीवास्तव परिवार की सहभागिता में किए जाने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार सेवानिवृत डिप्टी कलेक्टर संतोष श्रीवास्तव होंगे। अध्यक्षता लेखिका डॉ करुणा ठाकुर, प्राचार्य करेंगी तथा वरिष्ठ साहित्यकार निरंजना जैन एवं सुप्रसिद्ध समालोचक डॉ सुजाता मिश्र समीक्षक अतिथि होंगी।आयोजक संस्था श्यामलम व श्रीवास्तव परिवार ने सभी प्रबुद्ध जनों से इस अवसर पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### फसल का लाभ कृषकों तक पहुंचाना ही योजना का मूल उद्देश्य है: कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2025-2026 में सोयाबीन फसल के लिए भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। योजना का लाभ लेने के लिये किसानों को 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पंजीयन कराकर, 24 अक्टूबर से सोयाबीन फसल की खरीदी प्रारंभ की जानी है। कृषक के उसके रकबे और फसल की गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर ही योजना का लाभ दिलाया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी हेतु जिला स्तरीय समिति बनाई गई है। फसल का मॉडल रेट शासन द्वारा ही तैयार किया जाएगा एवं एफ.ए.क्यू. मानक के हिसाब से ही अनाज खरीदा जायेगा। राजस्व विभाग द्वारा ई-उपार्जन पोर्टल पर फसल गिरदावरी के माध्यम से किसान की फसल का पूरा ब्यौरा रखा जाता है। यदि किसी किसान ने 5 एकड़ पर सोयाबीन फसल की फसल लगाई है और ई उपार्जन पोर्टल पर उससे कम एकड़ दिखाई दे रहा है तो संबंधित किसान सुधार हेतु अपील कर सकता है। अपील के आधार पर नायब तहसीलदार एवं पटवारियों से संपर्क कर ,गलत प्रविष्टि पाई जाने पर उसकी गिरदावरी रिपोर्ट में सुधार कराया जाएगा। यदि किसी कृषक का आधार कार्ड की त्रुटि के कारण पंजीयन नहीं हो पा रहा है तो उनका आधार कार्ड भी संशोधन कराया जाएगा एवं किसानों के भूअभिलेख संबंधी त्रुटि होने पर कार्यालय भूअभिलेख ने उसको सुधरवाया जायेगा। कलेक्टर संदीप जी आर ने पंजीयन से संबंधित निर्देश देते हुए कहा है कि पंजीयन के लिए किसान का बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए और आधार कार्ड मोबाइल नंबर से लिंक होना चाहिए अन्यथा पंजीयन में परेशानी आ सकती है। पंजीयन में यदि कोई तकनीकी समस्या आती है तो जिला प्रशासन की तकनीकी टीम उसको सही करेगी। उन्होंने कहा कि यदि सोयाबीन खरीदी में किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं समितियों पर सख़्त कार्यवाही की जाएगी।

### बाहरी आवरण को हटाकर अंतरात्मा से जुड़ने की प्रक्रिया है अल्पविराम

**सागर।** लोकसेवक अपने व्यस्ततम कार्यों में चिंता, अवसाद से हटकर स्वयं में सकारात्मकता का प्रभाव बढ़ा सके इस उद्देश्य में कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन प्रत्येक विकासखण्ड में अल्पविराम परिचय कार्यशाला विभिन्न विभागों के लोकसेवकों को आयोजित की जा रही है । इसी क्रम में आज 5वी कार्यशाला जनपद पंचायत बण्डा के सभागार में आयोजित की गई । कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथियो के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्वलित किया गया । तनाव मुक्त आनंद पूर्ण जीवन के लिए आगे बढ़ पा रहे है यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो प्रत्येक लोकसेवक को निरंतर लेते रहना चाहिये।

## राज्य स्तरीय सीनियर महिला वर्ग, जिला क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन समारोह संपन्न

# वीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री व केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से कराने हेतु प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला क्षत्रिय समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष हरिराम सिंह एवं संयोजक कृष्णासिंह महुआखेडा के संयुक्त नेतृत्व में जिला क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिले के क्षत्रिय समाज के हजारों लोग ने बढ चढकर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वीरसिरोमणी महाराणा प्रताप, महाराज छत्रसाल एवं राजा उद्देनशाह जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला क्षत्रिय समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष हरिराम सिंह ने नगर निगम एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद प्रेसित करते हुए कहा कि उन्होंने हम सबके गौरव महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लिए उचित स्थान चयनित किया गया है जिसके लिए समाज ने उनका धन्यवाद प्रेषित किया। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मंत्री गोोविंद सिंह राजपूत को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं देश के केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के द्वारा गौरव के साथ संपन्न कराया जाये। उन्होंने कहा कि मैंने जिला क्षत्रिय समाज के पद से एक वर्ष पहले इस्तीफा दे दिया था अब क्षत्रिय समाज के लिए नये अध्यक्ष की नियुक्ति की जाये। जिस पर समाज के सभी लोगों ने हाथ उठाकर सहमति जतायी। कार्यक्रम में उपस्थित हजारों क्षत्रिय समाज के युवा एवं वरिष्ठ जनों से विचार विमर्ष कर संयोजक कृष्णा सिंह महुआखेडा द्वारा नीरज सिंह ठाकुर नयाखेडा का नाम सर्वसहमति से घोषित किया गया। जिस पर समाज के सभी जनों ने सहमति जताते हुए निर्णय का स्वागत किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने समाज के सभी जनों को दषहरा की शुभकामनाए देते हुए जिला क्षत्रिय समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीरज सिंह ठाकुर को बधाई दी और कहा कि अब समाज की जिम्मेदारी आपके हाथों में है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में समाज द्वारा जो महाराणा प्रताप की मूर्ति के अनावरण एवं महाराणा प्रताप भवन की मांग की गई है उसे मैं पूर्ण कराने का भरसक प्रयास करूंगा और आपके आर्शिवाद से आप सब की यह मांग पूरी भी होगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि हम सबको मिलकर समाज की एकता और भाईचारे के लिए काम करना है। अगर कोई हमारा समाज का व्यक्ति बहक गया है या भ्रम में आकर समाज के विकास कार्यों में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है तो उसे हम सबको समझाना है। चुनाव होते रहते है सभी पार्टी के लोग खडे होते हैं। हमे समाज के उत्थान के लिए काम करना है। उन्होंनें कहा कि इस तरह के सामाजिक सम्मेलन होते रहना चाहिए तााकि समाज में एकता की भावना आये तथा समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा मिले। मैं इस तरह के कार्यक्रमों में हमेसा सहयोग करता रहूंगा।

कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से राजकुमार सिंह बरकोटी, नर्मदा सिंह सुरखी, सौदान सिंह पूर्व अध्यक्ष, प्रमुख रहे एवं कार्यक्रम का आभार बीना के सत्यजीत सिंह ठाकुर बीना ने व्यक्त किया।


कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एड. अनिल सिंह, सुधीरभाई सिंह केसली, सुरेन्द्र सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष देवरी, पूर्व अध्यक्ष जाहर सिंह, मंगल सिंह बण्डा, राजेन्द्र सिंह बुंदेला शाहगण, अषोक सिंह ढाना, रामजी सिंह लोहारी, अमर सिंह, नंदराम सिंह ढाबरी, बलबंत सिंह उपाध्यक्ष मकरोनिया, साहवसिंह सेमरा, जनपद अध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह, धीरज सिंह ओरिया जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष, संदीप भापेल, ओंकार सिंह, नारायण सिंह खमकुआ, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा जितेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, बुंदेलसिंह, प्रषांत सिंह, हरनाम सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह, देषराज सिंह सहित हजारों क्षत्रिय समाज के लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गढ़ाकोटा से 11 तीर्थ यात्री द्वारकाधीश के लिए रवाना हुए

**गढ़ाकोटा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गढ़ाकोटा नगर से चयनित 11 तीर्थ यात्रियों को पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव एवं नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने फूल माला पहनकर स्वागत कर गढ़ाकोटा से एक वाहन द्वारा सागर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। जहां से तीर्थ यात्री ट्रेन द्वारा द्वारकाधीश के लिए प्रस्थान किया । तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए पं .भार्गव ने कहा कि ट्रेन वातानुकूलित है। तीर्थ यात्रियों को चाय नाश्ता, भोजन सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं। नगर से 11 तीर्थ यात्री द्वारकाधीश के लिए जा रहे हैं सभी को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर मनोज तिवारी, प्रभारी तेज प्रताप पटेल, समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य के चार स्तंभों का यौगिक-वैज्ञानिक पक्ष जानने से अपने से जुड़ेंगे: भगत सिंह योगाचार्य



**सागर।** पतंजलि योग समिति सागर के तत्वाधान मेगा सिटी करुणा निधि मंदिर परिसर के पार्क में पांच दिवसीय इंटीग्रेटेड विशेष योग शिविर का शुभारंभ भगत सिंह योगाचार्य राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति म प्र पूर्व ने मंत्रोच्चारण से किया। उन्होंने बताया कि यह विषय योगशास्त्र, आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान तीनों के संगम पर आधारित है। उन्होंने स्वास्थ्य को समझाते हुए कहा कि 'स्वास्थ्य' शब्द स्व अर्थात आत्मा और स्थ अर्थात स्थित रहनासे बना है अर्थात जो अपने स्वभाव में स्थित हो वही स्वस्थ है। चरक संहिता में कहा गया है "समदोषः समाग्निश्च समधातुमलक्रियः ,प्रसन्नात्मेनद्रियमना स्वास्थ इत्यभिधीयते॥" अर्थात जब शरीर के दोष वात, पित्त, कफ, धातुएँ, मल, अग्नि संतुलित हों, और मन, इंद्रियाँ, आत्मा प्रसन्न हों यही स्वास्थ्य है । स्वास्थ्य के चार स्तंभ पूर्ण निद्रा, पूर्ण आहार, पूर्ण व्यायाम, पूर्ण कर्म ये वास्तव में यौगिक जीवन के चार वैज्ञानिक स्तंभ हैं। पूर्ण निद्रा योग में निद्रा केवल शरीर की विश्रांति नहीं, बल्कि मन की पुनर्संरचना है।योगनिद्रा अभ्यास से पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम सक्रिय होता है, जिससे कॉर्टिसोल तनाव हार्मोन घटता है।गहरी नींद से टिश्यू रिपेयर, हार्मोन संतुलन और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। आयुर्वेद कहता है: "निद्रा हि बलं लभ्यते।" निद्रा से ही बल, वर्ण और आयु मिलती है। पूर्ण आहार सात्त्विक भोजन योग में भोजन को प्राण का स्रोत कहा गया है। सात्त्विक, जैविक, स्थानीय और मौसमी भोजन शरीर की सेलुलर ऊर्जा को बढ़ाता है। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टि से सात्त्विक आहार ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस घटाता है, गट माइक्रोबायोम सुधारता है।

### गढाकोटा में शरद पूर्णिमा पर्व के साथ मनाई गई अजमेढ़ देव जयंती



**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा स्थित मुख्य सराफा में श्री देव द्वारका धीश सराफा मंदिर में शरद पूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जहां भजन कीर्तन के साथ श्री देव द्वारकाधीश भगवान कि आरती कर भगवान को रबड़ी का भोग लगाया गया। स्वर्णकार समाज के इष्ट श्री अजमेढ़ देव जी कि जयंती के उपलक्ष्य में गढाकोटा सोनी समाज के द्वारा श्री अजमेढ़ देव कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिलक लगाकर जयंती मनाई साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सोनी समाज के लोग उपस्थित रहे।


### कांग्रेस जनों ने पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई महर्षि बाल्मीकि जयंती

**सागर।** महर्षि बाल्मिकी की जयंती को कांग्रेसजनों ने पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया।जहां कांग्रेसजनों ने मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अगवाई में कटरा वार्ड स्थित मंदिर में पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ महर्षि बाल्मिकी जी की पूजा अर्चना और माल्यर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने महर्षि बाल्मिकी जी के बताए मार्गों पर चलने का आह्वान करते हुये कहा कि पूरे भारतवर्ष में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती श्रद्धा-भक्ति एवं हर्षोल्लास से मनाई जाती हैं।आज के दिन महर्षि वाल्मीकि जी के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जाती है।उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण,महाकाव्य के सहारे प्रेम,तप, त्याग इत्यादि दर्शाते हुए हर मनुष्य को सद्भावनाके पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया।इसलिए आजका दिन एक पर्व के रुप में मनाया जाता है। वरिष्ट कांग्रेस नेता राकेश राय, सेवादल के प्रदेश महामंत्री विजय साहू,पूर्व सरपंच शरद राजा सेन,सुरेन्द्र करोसिया,मुकेश खटीक,संदीप चौधरी आदि ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्गों पर चलनें की बात कहीं। इस अवसर अनेकों कांग्रेसजन मौजूद थे।

## अनुशासन के साथ आगे बढ़ना है तो उसका सर्व श्रेष्ठ मार्ग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ है: अविराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आपको जीवन में आगे बढ़ना है तो अनुशासन सबसे ज्यादा जरूरी है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन अनुशासन का प्रत्यक्ष उदाहरण है। देश के युवाओं को अनुशासन के साथ आगे बढ़ना है तो उसका सर्वश्रेष्ठ मार्ग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ है। वह अनुशासन, संस्कारों व राष्ट्र प्रेम की पाठशाला है। यह उद्गार युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने यहां के ग्राम सुमरेड़ी में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। युवाओं से संवाद करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि युवा किसी आयु तक सीमित नहीं है। जिसके पैरों में गति है वह युवा है। आचार्य विष्णुगुप्त चाणक्य ने कहा था युवा अवस्था में किया गया संघर्ष, परिश्रम हमें जीवन भर साथ देता है। किसी भी युवा के आचरण से उसके कुल का पता लगता है और बोली व्यवहार से उसके राष्ट्र का पता चलता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ 2 अक्टूबर को अपने 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है। संघ की स्थापना प्रातः स्मरणीय केशव बलिराम हेडगेवार जी की। उनके मन में प्रश्न था कि भारत जो इतना वैभव शाली, गौरव शाली, विश्व पूर्ण हुआ करता था कि वह इतने वर्षों तक मुगलों और



अंग्रेजों का गुलाम कैसे रहा। इस प्रश्न पर विचार करने से उनको उत्तर मिला कि हिन्दू एक नहीं था। तब उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की जिसका उद्देश्य है हिन्दू समाज को एक सूत्र में बांधना।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शाखाओं के माध्यम से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि आगामी 12 अक्टूबर को संघ का पद संचलना दोपहर में साढ़े तीन बजे खुरई नगर में निकलना है जिसमें युवा शक्ति शामिल होगी। अविराज सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा तब हमारे युवा इतने सशक्त हो जायेंगे कि हमें बाहर रोजगार ढूढ़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारे राष्ट्र का पैसा राष्ट्र में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा नारा होना चाहिए "हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी।" हमें स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा को अपनाना है ताकि हम सभी मिल कर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर सकें।

कार्यक्रम में रविन्द्र राजपूत खुरई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, राजपाल सिंह मंडल अध्यक्ष, नीतेश यादव मंडल अध्यक्ष बरोदियाकलां, जमना प्रसाद अहिरवार जनपद अध्यक्ष खुरई, विवेक सिंह ठाकुर सरपंच सुमरेडी, कुंजन सिंह वरिष्ट नेता, ब्रजेश दुबे सरपंच सिलोधा, विजय ठाकुर भीलोन पूर्व सरपंच, संदीप ठाकुर गढ़ोलजागीर, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर रारोन, राहुल सिंह वहारपुर, जसबीर ठाकुर, बलबंत सिंह मुड़री, सोनू ठाकुर सिमरिया, सुरेन्द्र सिंह सियाखेड़ी, अरविन्द लोधी सिलोधा, रिंकु राजपूत, जितेन्द्र राजपूत, छोटू पडरई, वीरेन्द्र सिंह ,प्रभात सिंह धनोरा, कैलाश पटेल, राकेश चढ़ार, रामनारायण ठाकुर, हरनारायण सिंह, देवेन्द्र सिंह लालू ,रूपनारायण ठाकुर ,दिग्विजय ठाकुर ,त्रिलोक सिंह बहारपुर, बादल सिमरिय आदि उपस्थित थे।



### 45 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया

**मालथौन।** वनमंडल अधिकारी उत्तर सागर एवं उप वन मंडल अधिकारी उत्तर सागर के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र मालथौन के अंतर्गत बीट ससई एवं बीट धामोनी में लगभग 45 हेक्टेयर वन भूमि से कंटीली बाड़ जेसीबी से हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। गौरतलब है कि बीते दिनों से लगातार मालथौन वन परिक्षेत्र में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी है। जिससे अतिक्रमण करने वाले लोगों ने दहशत का माहौल बना हुआ है। कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र सहायक श्री नरेंद्र आर्य वनपाल अनिल गर्ग, वनपाल मुकेश रजक, वनपाल देवेंद्र राय, वनरक्षक पवन दांतरे, राजू खान, भानु प्रताप, धर्मेंद्र जाट, अनिल यादव, सतह जैन सहित स्थायी कर्मचारी एवं समिति सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे। वन विभाग द्वारा यह प्रयास आगामी अतिक्रमण रोकथाम अभियान के अंतर्गत किया गया है, जिससे वन क्षेत्र को सुरक्षित रखा जा सके तथा वन संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जा सके।

## राज्य स्तरीय सीनियर महिला वर्ग, एमेच्योर एवं सीनियर सिटीजन शतरंज चयन स्पर्धा

# तर्कशक्ति व बौद्धिक विकास का सबसे अच्छा खेल शतरंज जिसके खिलाड़ी अच्छे रणनीतिकार होते हैं: प्रदीप लारिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला शतरंज एसोसिएशन के तत्वावधान में लिटिल हैण्ड प्ले स्कूल में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सीनियर महिला वर्ग, एमेच्योर एवं सीनियर सिटीजन शतरंज चयन स्पर्धा की गई। शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी वीनू राणा एवं डॉ गोस्वामी जी ने किया। मृदुहास त्रिपाठी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओपन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में इंदौर के 75 वर्षीय राजेंद्र बागड़ी विजेता बने, वहीं सीनियर महिला वर्ग में उज्जैन की उभरती हुई खिलाड़ी सिया कुशवाहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के चुनिंदा 135 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से लगभग 80 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त थे। प्रतियोगिता में प्रथम वरीयता भोपाल के बृजेश कुमार चौरसिया को दी गई, जबकि सबसे वरिष्ठ प्रतिभागी इंदौर के राजेंद्र कुमार बागड़ी रहे।जिला शतरंज एसोसिएशन के सचिव यशपाल अरोड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल सात चक्र खेले गए ओपन वर्ग परिणाम प्रथम स्थानः मृदुहास त्रिपठी,





द्वितीय स्थानः सौरभ चौबे (सतना), तृतीय स्थानः चेतन्य अवध (जबलपुर) ने प्राप्त किया। सीनियर सिटीजन वर्ग में प्रथम स्थानः राजेंद्र बागड़ी (इंदौर), द्वितीय स्थानः डॉ. अरविंद गोस्वामी (सागर), तृतीय स्थानः गणपत कीर भोपाल। सीनियर महिला वर्ग प्रथम स्थानः सिया कुशवाहा (उज्जैन), द्वितीय स्थानः अभिका पवार (इंदौर), तृतीय स्थानः अमृता चौरसिया (सागर) ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता व पार्षद बलवंत सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप लारिया ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इंडोर खेल के रूप में शतरंज का खेल सबसे लोकप्रिय खेल होने के साथ साथ ही तर्क शक्ति व बौद्धिक विकास में सहायक होता है इस खेल के माहिर लोग अच्छे रणनीतिकार भी साबित होते हैं।शतरंज प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका फिडे आर्बिटर अंकुर सिंह ठाकुर ने निभाई। उनके साथ स्टेट आर्बिटर रोहित श्रीवास्तव (दतिया), आयुष्मान सैनी और अभिजीत सिंह राजपूत ने निर्णायक मंडल में सहयोग दिया। आयोजन में सागर जिला शतरंज संघ के अरविंद पटेल का भी विशेष योगदान रहा।प्रतियोगिता के आयोजक लिटिल हैण्ड प्ले स्कूल संचालक मोहित अग्रवाल, निशि अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। सह-संचालक मयंक अग्रवाल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल भावना समाज के विकास का सशक्त माध्यम है। आने वाले समय में लिटिल हैंड्स के बैनर तले हम अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता सागर में प्रतिवर्ष आयोजित करेंगे।दो दिन चली प्रतियोगिता के प्रत्येक राउंड में अतिथि के रूप में अग्रवाल युवा महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल, सागर अग्रवाल समाज के सचिव मोहन अग्रवाल, शिव कुमार भीमसरिया, नगर निगम अधीक्षक मनोज अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

### ललित कला व प्रदर्शनकारी कला विभाग में शोध प्रविधियां के अंतर्गत डॉ. महेंद्र कुमार का व्याख्यान

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग में रिसर्च मेथडोलोजी सीरीज के अंतर्गत विषय शोध-नैतिकता : अकादमिक दृश्यता पर डॉ.महेंद्र कुमार, सहायक प्राध्यापक, पुस्तकाल्य सूचना विज्ञान विभाग द्वारा व्याख्यान दिया गया । व्याख्यान के प्रारंभ के पूर्व समस्त अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं डॉ. गौर के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं मुख्य वक्ता को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं श्रीफल देकर व्याख्यान प्रारंभ किया । कार्यक्रम का संचालन, कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुप्रभा दास ने स्वागत भाषण से व मुख्य वक्ता के परिचय के साथ किया गया । मुख्य वक्ता डॉ.महेंद्र कुमार ने अपने व्याख्यान में बताया कि इस व्याख्यान का उद्देश्य शोध कार्यो में नैतिकता के महत्व को समझना और अकादमिक क्षेत्र में शोधकर्ताओं की दृश्यता बढ़ाने के उपायों पर विचार करना है। शोध नैतिकता केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि एक मूल्य-आधारित दृष्टिकोणों है जो समाज के ज्ञान-विकास को सशक्त करता है। उन्होंने यह भी कहा कि शोधकर्ता को अकैडमिक मिस कंडक्ट के अंतर्गत प्लेगिरिसंम्, डाटा फब्रिकेशं इन पर विस्तार से समझाया और इनसे कैसे बचा जा सकता है इसपर सुझाव दिये। यू .जी.सी 2018 में पारित प्लेगिरिसंम्-रेगुलेशन को भी अवगत कराया। इस के साथ "अकैडमिक विजिबिलिटी" पर जोर देते हूँ बताया की किस प्रकार शिक्षक, रिसर्चर आपने ने शोध पत्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित करने के लिए ओपन डाटा एक्सेस पर अपने प्रोफाइल अपडेट करना कितना जरूरी है। इसी क्रम में अकैडमिक विसिविलिटि का सबसे अच्छा उदाहरण दिया की जो दिखता है वही बिकता है। गूगल स्कोलार्, रिसर्चगेट और ओरकेड जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर प्रोफाइल विकसित करने और साईटीसन इंडेक्स सुधारने के तरीकों पर चर्चा की। व्याख्यान के अन्त में मुख्य वक्ता डॉ. महेंद्र कुमार द्वारा शिक्षकों, शोधर्थीयों एवं छात्रों के प्रश्नों का समाधान किया। व्याख्यान में डॉ. बलवंत सिंह भदोरिया विभगाध्य एवं संकायाध्यक्ष, डॉ. सुप्रभा दास, अमितेश कुमार पांडे एवं अकादमिक विशेषज्ञों ने भाग लिया।

**खबर संक्षेप**



## चंदेल समाज का स्वभिमान रानी दुर्गावतीः जिलाध्यक्ष चंदेल

**ललितपुर।** वीरांगना महारानी दुर्गावती चंदेल का 500 वा जन्म जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से ग्राम बनोनी में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि चंदेल समाज जिलाध्यक्ष शिवकुमार चंदेल, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष रानू चौसा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाध्यक्ष ने रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि अपने जीवन में 52 युध लड़े जिसमें 51 में विजय प्राप्त की एक ऐसी शासक थी, जिन्होंने अपने राज्य और देश के लिए प्राण त्याग दिये। रानू चौसा ने कहा कि रानी दुर्गावती चंदेल जो कार्य देश के लिए कर के गई उसी रास्ते पर चल कर हमे इस धरोधर कों बचा कर रखना है और आगे चल कर समाज के युवाओ कों समाज व देश हित में कार्य करना है। इस दौरान राजू चंदेल, रमेश चंदेल, भैयान चंदेल, सुरेश, कल्लन चंदेल, राजाराम, कपूरे चंदेल, जालम चंदेल, दिनेश, सरमन, उदम, पुष्पेंद्र, अनिल, नरेंद्र, धीरेन्द्र, रविन्द्र, छोटे राजा, राजकुमार चंदेल, रवि कुमार, ब्रजेंद्र, रामदयाल रहे। संचालन राजेश चंदेल बानपुर ने किया।

## पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** सदर चौकी अंतर्गत एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। उसने बताया कि वह परिवार सहित बिरधा के ग्राम सतौरा मां दुर्गा पूजन के लिए गया हुआ था। 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे वह प्रतिमा विसर्जन की तैयारी कर रहा था। तभी महरौनी के ग्राम पड़वां निवासी संजय कुमार तिवारी पुत्र स्व.शोभाराम तिवारी उसकी 22 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री को भगाने में संजय तिवारी, रामबिहारी दुबे व उसकी पत्नी मनोरमा का सहयोग रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) व 61 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### 380 में 5 कार्मिक रहे अनुपस्थित, कार्यालयाध्यक्षों को स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश

# नपा अध्यक्ष उप निर्वाचन को लिए पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उप निर्वाचन 2025 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों-पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-प्रथम का प्रशिक्षण मा0 कल्याण सिंह सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जहां मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा मतदान कार्मिकों को पार्टी रवानगी से लेकर मतदान सम्पन्न होने के बाद तक की समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि 15 अक्टूबर को मतदान दिवस के दिन पूर्ण रुप से निर्भीक होकर अपने दायित्वों की पूर्ति करें, जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण हैं, पोलिंग पार्टियां मतदान से एक दिन पूर्व रवाना होंगी। इस दौरान किसी भी कार्मिक को किसी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक कोई सम्पर्क नहीं रखना है। सभी कार्मिक उनको सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक निभाएं, किसी भी निर्वाचन सम्बंधी कार्य को नकारने अथवा टालने की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक पर दण्डनीय कार्यवाही की जा सकती है। इसके उपरान्त प्रशिक्षकों द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन की बारीकियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

### अनुपस्थित कार्मिकों का आज विकास भवन सभागार में होगा प्रशिक्षण





### कार्यों आदि के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया

प्रशिक्षण सत्र के दौरान सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्य एवं दायित्व, पार्टी रवानगी, सामग्री वितरण, बूथ पर ड्यूटी, बूथ पर पहुंचने पर कार्यवाही एवं अगले दिन मतदान से पूर्व की तैयारियां तथा मतदान के उपरान्त के कार्यों आदि के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि पार्टी रवानगी के समय अपने अपने बूथ पर तैनात कार्मिकों से परिचय प्राप्त कर मोबाइल नम्बर ले लें। सामग्री लेते समय सूची से मिलान कर लें कि सामग्री पूर्ण है या नहीं। इसके अलावा हैण्डबुक का अध्ययन अवश्य कर लें। यह भी बताया गया कि यहां बतायी जा रही बातों को ध्यान से अध्ययन कर लें, इसके बाद गूगल शीट के माध्यम से 25 प्रश्नों वाला एक्जाम भी लिया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण का मूल्यांकन हो सके।

### 3 दिवस में कर्मचारियों के स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश

प्रशिक्षण के दौरान कुल 380 कार्मिकों में से 5 कार्मिक-देवकीनंदन सहाअ/पीठासीन अधिकारी उप्रावि महरौनी, महेन्द्र कुमार सैनी सहाअ /पीठासीन अधिकारी उ0प्रा0वि0 महरौनी, सतवंत सिंह वरि सहा प्रमअधि उप संभागीय अधिकारी कृषि प्रसार, पवन परिहार वरि सहा प्रमअधि राजघाट निर्माण खण्ड एवं राजीव मिश्रा कनि सहा प्रमअधि सिंचाई खण्ड अनुपस्थित रहे, जिनके कार्यालयाध्यक्षों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 3 दिवस के भीतर उक्त कर्मचारियों के स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए, साथ ही अवगत कराया गया कि अनुपस्थित कार्मिकों को दिनांक 8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण दिलाया जाना सुनिश्चित करायें, अन्यथा की स्थिति में उक्त कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दीपक यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव व मास्टर ट्रेनर व मतदान कार्मिक उपस्थित रहे।

### शिकायत पर देखने जिलाधिकारी पहुंचे

## आजादपुरा में साफ-सफाई का डीएम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी अमनदीप डुली व उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार द्वारा शहर के मोहल्ला आजादपुरा तृतीय वार्ड नंबर 12 के दम्मू कुआं के पीछे वाली गली में जलभराव की समस्या एवं साफ सफाई की समस्या के निराकरण के लिए निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मोहल्लेवासियों द्वारा बताया गया है कि इस क्षेत्र में जल भराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, विशेषकर बरसात के मौसम में बारिश से गलियां पानी से सराबोर हो जाती है, जिससे मोहल्लेवासियों का निकलना दूभर हो जाता है। जल भराव की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका की अवर अभियंता को तत्काल मौके पर बुलाकर पम्पिंग सेट रखकर जल भराव की समस्या का निराकरण कराते हुए अवर अभियंता को निर्देश दिये कि इस मोहल्ले में जल निकासी की समस्या को दूर कराने एवं सडक के दोनों तरफ नालियों को बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाये, जिससे कि इस समस्या का स्थाई निराकरण हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विशेष अभियान चलाकर टीमों को लगाते हुए साफ सफाई कराई जाए, प्रतिदिन दलेल लगाई जाए, जिससे कि साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो सके व गली में जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने पाया कि जगह जगह विद्युत तार लटक रहे है, मोहल्ले में विद्युत पोल न होने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है, जिस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश देते हुए मौका मुआयना कर विद्युत पोल लगाये जाने एवं लटक रहे तारों को व्यवस्थित कराये जाने के निर्देश दिये।

मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी सदर प्रशासक मनीष कुमार द्वारा मौके पर मौजूद सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिये कि उनके द्वारा प्रतिदिन मोहल्ले का निरीक्षण कर मोहल्लेवासियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाये। इस मौके पर कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, अवर अभियंता खुशबू खान, प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी, ओएसडी अनिल दीक्षित, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### मोहल्लेवासियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## सड़क निर्माण को जल्द पूर्ण कराए जाने की मांग



**ललितपुर।** हाई-वे से करीब सात सौ मीटर दूर बसे मोहल्ला मथुरानगर में जिला पंचायत से पास हुयी सड़क का जल्द निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर लोगों ने एकराय होकर जिलाधिकारी अमनदीप डुली को एक ज्ञापन सौंपा है। बताया कि पनारी नहर पर सड़क से मिलने वाले स्थान व दूसरी ओर मसौराकलां गांव के दोनों मौजाओं के मिलन पर रास्ता है, जो कि हाई-वे से 700 मीटर दूरी पर मोहल्ला मथुरानगर बसा है, जो कि कच्चा है, यहां से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियां होती हैं। आरोप है कि यहां के लिए जिला पंचायत से सड़क पास हो गयी है, लेकिन यहां रहने वाले एक दबंग व्यक्ति द्वारा सड़क निर्माण नहीं होने दिया जा रहा है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि कोई बीमार व्यक्ति अस्पताल नहीं जा पा रहा है, बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी है और बुजुर्गों-महिलाओं को भी दिक्कतें उठानी पड़ रहीं हैं। इसलिए मोहल्लेवासियों ने जिला पंचायत से पास सड़क का जल्द निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय कपूर सिंह पटेल, बालकिशन, मोनू नायक, रानू, वंशी, महेश, रामसिंह पटेल, शकुंतला सहरिया, दशरथ, रामलाल, राजकुमार, जितेन्द्र सिंह, अभी, अनु राजा, बृगभान सिंह, हरिओम सहरिया, राहुल, राजा, अवधेश, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### एफडी बनाकर रकम दोगनी करने के मामले थम नहीं रहे

## रकम दोगुनी करने का झांसा देकर विधवा महिला से सवा लाख रुपए की ठगी, पुलिस ने दर्ज किया केस

**ललितपुर।** एक और चिटफण्ड कम्पनी द्वारा विधवा महिला से कम समय में रकम दोगुनी करने का प्रलोभन देकर करीब सवा लाख रुपये ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज न किये जाने और कार्रवाई न होने से पीड़ित महिला ने न्यायालय की शरण ली। अब न्यायालय के आदेश पर थाना जाखलौन पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत कस्बा निवासी गनेशी पत्नी स्व.भगुन्ता ने सीजेएम न्यायालय में दावा पेश किया है। उसने न्यायालय को बताया कि ग्राम हरपुरा निवासी धनीराम पुत्र गज्जू अहिरवार वर्ष 2014 के अप्रैल माह में उसके पास आया और उससे कहा कि वह एलआरएन फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी का एजेण्ट है और उसकी कम्पनी कम समय में अधिक ब्याज देती है। कहा कि एफ.डी. करा लो, जिसमें कम्पनी पांच वर्ष में दोगुना रुपया करती है और समय से रुपये वापस कर देती है। पीड़िता ने बताया कि सामाजिक जान-पहचान होने के कारण वह विश्वास में आ गयी और धनीराम ने एक एफ.डी. एप्लीकेशन नम्बर 127572 जिसके दस्तावेज, प्रमाण पत्र संख्या 00380061 दिनांक 22 मई 2014 राशि 1.25 लाख रुपये उससे लेकर जमा किये और एफ.डी. खोलने के प्रपत्र तैयार किये, जिसमें परिपक्वता तिथि 21 मई 2019 थी, जो कि पूर्ण हो चुकी है। महिला ने बताया कि एफडी की अवधि पूर्ण होने के बाद जब उसने धनीराम से सम्पर्क किया तो वह टाल मटोल करता रहा और कहता रहा कि तुम्हारी परिपक्वता तिथि पूरी हो गयी है, अब अतिरिक्त समय होने पर अधिक धनराशि मिलेगी। पीड़िता ने बताया कि 18 जून 2025 को शाम 4 बजे वह धनीराम के घर पहुंची और रुपये वापस मांगे तो धनीराम ने रकम न लौटने की बात कहते हुये उसे गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गया और धमकाया। मामले की शिकायत पीड़िता ने जनसुनवाई पोर्टल पर की व 30 जून को एसपी को रजिस्टर्ड डाक से भेजी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धनीराम के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती

## आदिकवि वाल्मीकि भारतीय आत्मा गरिमा तथा प्रतिभा के प्रतिनिधि



**ललितपुर।** आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि बुन्देलखण्ड में आने पर श्रीराम को चित्रकूट पर्वत की छटा और घटा देखकर और यहां के छलरहित वनवासियों के सच्चे प्यार को देखकर वे सीताजी से कहते हैं राज्य भ्रंशनंम भद्रे , न सुहृदिम विर्ना भवः, मनोमेवाधते दृष्टवा रमणीय मिमं गिरिम यानि इस रमणीय चित्रकूट पर्वत को देखकर राज्य के छूटने का भी मुझे ( कैसा उच्चादर्श ) दुख नहीं होता और सुहृदों के पास दूर रहना कष्टप्रद लगता है ।

वैदिक काव्य की देवोपासना के होते हुए भी महर्षि ने पहले पहल मानव- चरित्र को अपने काव्य में प्रधानता दी है। इसीलिए उनके मानवप्रधान महाकाव्य में, मनुष्य की शक्ति के साथ- साथ उसकी असमर्थता और वेदना की फूल-शूलमयी परिस्थितियों को कलात्मकता के साथ चित्रित किया गया है। वाल्मीकि का नैतिक धरातल बहुत ऊंचा है । वह मानव चरित्र के पंडित होते हुए भी आदर्शवादी हैं । मृत्यु के लिए यहां इतना भय नहीं है , इस जीवन में ही मनुष्य की पीड़ा उनके काव्य का परम सत्य है । यहां कविता का जन्म इन्द्र या वरुण की उपासना में नहीं माना गया है ,वरन क्रौंच पक्षी के मारे जाने से उसकी संगिनी के आर्तनाद से ऋषि के हृदय में उत्पन्न होने वाले क्रोध और करुणा से माना गया है । शोकः श्लोक त्वमागतः कवि का शोक ही श्लोक बन गया। सर्वत्र कवि के चरित्र श्वेत या श्याम न होकर मानवीय हैं ,और इसी में सत्य तथा कला के सहज दर्शन हो जाते हैं । देश की आरण्यक त्यागमय संस्कृति वाल्मीकि के एक-एक शब्द में प्रस्फुटित है । राम के वनवास जाने का जब कौशल्या जी को मालूम हुआ तब उन्होंने पूछा कि पिता की आज्ञा तो मिल गई लेकिन मां की भी आज्ञा मिली है ? तब राम ने सहज भाव से कहा, हां मिल गई ।यानी केकई माँ की। तब माँ कहती हैं -अच्छी बात है - सुखं गच्छ । सुख पूर्वक जाओ ।परंतु लक्ष्मण की मां अपने बेटे को हिदायत देतीं हैं कि वन में राम को दशरथ और सीता को माता ,और जंगल को अयोध्या समझना ।

आदिकवि भारतीय आत्मा ,गरिमा तथा प्रतिभा के महान प्रतिनिधि थे । उन्होंने संघर्षरत मनुष्य की आकांक्षाओं ,आशाओं निराशाओं को सजीव वाणी दी । चारित्रयेण च कोयुक्तः इस भारी प्रश्न का उत्तर ही राम का जीवन है । वाल्मीकि ने राम की व्याख्या करते हुए कहा है - रामोविग्रहवान धर्मः अर्थात धर्म का मूर्तिमान रूप राम हैं। आदिकवि चरित्र और धर्म को समान मानते हुए कहते हैं राम सदा रहने वाले धर्म वृक्ष के बीज हैं । और सभी मनुष्य उस वृक्ष के पत्ते और फल हैं ।

### महिला सशक्तीकरण पर मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

## अंकिता का एक दिन की प्राचार्य बनाने चयन

**ललितपुर ।** केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में शासन द्वारा संचालित योजना मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तीकरण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस परिप्रेक्ष में कॉलेज में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्राओं में छात्रा अंकिता तिवारी बी०ए० तृतीय वर्ष को चयन समिति द्वारा एक दिन की प्राचार्य बनाने के लिये चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ० लतिका सुडेल, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया।

डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण वह प्रक्रिया है जो महिलाओं को समाज, घर और कार्यस्थल में नेतृत्व करने, निर्णय लेने और अपनी चुनौतियों का स्वतंत्र रूप से सामना करने के लिये सशक्त बनाती है। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि महिला सशक्तीकरण का उद्देश्य महिलाओं को अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अवसर, अधिकार और नियंत्रण प्रदान करना है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें, उचित निर्णय ले सकें और सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व पारिवारिक स्तर पर समाज के विकास में समान रूप से योगदान कर सकें। भाषण प्रतियोगिता में अंकिता तिवारी बी०ए० तृतीय वर्ष प्रथम, पूनम अहिरवार पुत्री जमुना प्रसाद द्वितीय, पूनम अहिरवार पुत्री घनश्याम एवं आस्था साहू तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अभिषेक शुक्ला ने किया।

## पठानकोट एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला सीहोर अंतर्गत सातदेव नसरूल्लागंज निवासी जितेन्द्र दोगने पुत्र जगदीश ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ट्रेन संख्या 11058 पठानकोट एक्सप्रेस के कोच नं. एम-1 की बर्थ संख्या 38 पर यात्रा कर रहा था। रात करीब 9 बजे वह अपना मोबाइल फोन तकिया के नीच रखकर सो गया। सुबह करीब 6.15 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था। उसने काफी खोजबीन की, लेकिन फोन नहीं मिला। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मारी, घायल दंपती में पति की मौत

**ललितपुर।** ग्राम बमराना व हाल नई बस्ती निवासी सुप्रिया उर्फ रजनी पत्नी संजय कुमार टोंटे ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि बीती 30 सितम्बर को अपराह्न करीब 3.30 बजे वह अपने पति के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 डब्ल्यु 3420 से ललितपुर अपनी रिश्तेदारी में सिंदवाहा जा रहे थे। तभी बिरधा में हाई-वे पर तेज गति से भाग रहे ट्रक संख्या आर.जे.32 जी.डी. 2060 के चालक ने मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति और वह जमीन पर गिरकर घायल हो गये व मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों ने 108 एम्ब्युलेंस के जरिए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा में भर्ती कराया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग गया। जिला अस्पताल में उपचार के उपरान्त उसके पति को झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसके पति की मौत हो गयी और उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बुंदेलखंड की धारा के एक और सपूत ने किया नाम रोशन

# महरौनी से वैश्विक खोजों तक कैंसर रिसर्च में अर्जुन की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत की चहल-पहल भरी गलियों से लेकर द यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एमडी एंडरसन कैंसर सेंटर तक का सफर अर्जुन सिंह कटैलिहा के संकल्प, खोज और जिंदगियां बचाने की निष्ठा से परिभाषित होता है। म.प्र. की राजधानी भोपाल कोलार रोड के पास रहने वाले व ललितपुर जिले के महरौनी में पले-बढ़े अर्जुन सिंह ने बचपन से ही विज्ञान के प्रति गहरी लगन थी। उन्होंने संकल्पित होकर दुनिया की सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक कैंसर का समाधान खोजने में योगदान देंगे। यही जुनून उन्हें हजारों मील दूर अमेरिका ले गया, जहां वह आज ह्यूस्टन स्थित एमडी एंडरसन कैंसर सेंटर की प्रयोगशालाओं में शीर्ष वैज्ञानिकों और डॉक्टरों के साथ मिलकर कैंसर से लडने के नए रास्ते बना रहे हैं।

### टॉपपेन और एमडी एंडरसन के साथ अग्रणी कार्य

एक वैज्ञानिक के रूप में उनकी सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक रही है टॉपपैन हॉल्डिंग्स और एमडी एंडरसन कैंसर सेंटर के बीच ऐतिहासिक शोध सहयोग का नेतृत्व। यह साझेदारी 1.2 मिलियन डॉलर की प्रारंभिक ग्रांट से शुरू हुई थी और आज यह बढ़कर 10 मिलियन डॉलर की रणनीतिक साझेदारी बन चुकी है। यह विस्तार टॉपपैन की अविभाज्य 3डी सेल कल्चर तकनीक की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। यह तकनीक कैंसर पेशेंट अवतार तैयार करती है, यानी मरीज के ट्यूमर ऊतक से सीधे उगाए गए मॉडल। इन मॉडलों पर वैज्ञानिक प्रयोगशाला में दवाओं का परीक्षण कर सकते हैं, जिससे उपचार शुरू करने से पहले ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि मरीज किस दवा पर बेहतर प्रतिक्रिया देगा। इस प्रक्रिया से अनुमान और असफल कोशिशों की जरूरत घट सकती है और इलाज अधिक प्रभावी हो सकता है। इस शोध का नेतृत्व एमडी एंडरसन के विश्व-प्रसिद्ध प्रोफेसरों में डा.ग्रेगरी लिजी, डा.एरिक रिचर्ड और डा.स्कॉट कोपेट्ज द्वारा किया जा रहा है। इसका लक्ष्य है एक क्लिनिकली वैलिडेटेड, सीएलआईए-सर्टिफाइड टेस्टिंग मेथड विकसित करना, जो प्रयोगशाला नवाचार और वास्तविक क्लिनिकल देखभाल के बीच पुल का काम करेगा।

### सम्मान और उपलब्धियां

कैंसर रिसर्च में अपने योगदान के लिए अर्जुन को हाल ही में मार्क्विस हूइज-हू में शामिल होने का आमंत्रण मिला। यह सम्मान केवल उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में गहरा प्रभाव डाला हो। एक वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने 3.1 मिलियन डॉलर मूल्य की एनआईएच आर01 ग्रांट का भी नेतृत्व किया। यह प्रोजेक्ट



मेलानोमा (त्वचा कैंसर) में नए ट्यूमर-विशिष्ट लक्ष्यों की खोज पर केंद्रित है। इसके लिए विशेष तकनीकों का उपयोग कर मरीज-विशिष्ट ट्यूमर पेप्टाइड टारगेट्स की पहचान की जाती है, जिससे अगली पीढ़ी की इम्यूनोथैरेपी जैसे पेप्टाइड वैक्सीन, टीआईएल थेरेपी और टी.सी.आर.-टी सेल थेरेपी को विकसित करने का रास्ता खुलता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह ट्रांसलेशनल रिसर्च इनविवॉइड की पेशेंट अवतार अवधारणा से मेल खाती है, जिससे भविष्य में और भी सटीक और व्यक्तिगत इलाज संभव हो सकेगा।

### भविष्य की दृष्टि

आगे की योजना के तहत, टॉपपैन और एमडी एंडरसन मिलकर इनविवॉइड तकनीक को क्लिनिक में लाने के लिए सीएपी/सीएलआईए सर्टिफिकेशन और विभिन्न कैंसर प्रकारों में क्लिनिकल स्टडीज की तैयारी कर रहे हैं। पांच वर्षों में 10 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ यह साझेदारी व्यक्तिगत कैंसर उपचार को परिभाषित करने और डॉक्टरों को सर्वोत्तम निर्णय लेने में मदद करने की दिशा में बड़ा कदम है। अर्जुन सिंह कटैलिहा के लिए यह मिशन व्यक्तिगत भी है और अत्यंत महत्वाकांक्षी भी यह सुनिश्चित करना कि किसी भी मरीज की कैंसर से लड़ाई केवल अनुमान पर आधारित न हो।

### महरौनी से एमडी एंडरसन तक

अपने सफर को याद करते हुए अर्जुन कहते हैं कि हर कदम महरौनी की विनम्र शुरुआत से लेकर दुनिया के प्रमुख कैंसर रिसर्च अस्पताल की प्रयोगशालाओं तक पहुंचने तक एक ही दृष्टि से प्रेरित रहा है, कैंसर का इलाज ढूंढना। उनकी कहानी है संघर्ष, नवाचार और उम्मीद की। यह गवाही देती है कि जब जुनून उद्देश्य से मिलता है, तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। और जैसे-जैसे उनका काम टॉपपैन और एमडी एंडरसन के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया भी आशा से देख रही है। क्योंकि जो सफर 1.2 मिलियन डॉलर की साझेदारी से शुरू हुआ था, वह 10 मिलियन डॉलर के गठबंधन में बदल चुका है और यह संभवतः एक ऐसी वैश्विक खोज में बदल सकता है।

### दो दिन पहले रीति नदियां (सीप कदवाल) एक ही बारिश में लबालब

# सही समय पर उठाया गया कदम लाया सकारात्मक परिणाम, जीवंत हुई नदियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

2 दिन पहले जो नदियां जिन्हें शहर की जीवन दायिनी माना जाता है मानवीय भूल के चलते असमय सूख गई थी, वो नदियां अब मानवीय गलती सुधारने और प्रकृति की मेहरबानी से दोबारा पानी से भर गई हैं। दो दिन पहले तक जहां कदवाल नदी सूख कर अस्तित्व खोती दिखाई पड़ रही थी वहीं सीप नदी आधे से अधिक सूख गई थी। पर विगत 5 अक्टूबर को हुई झमाझम बारिश के बाद अब यह नदियां लबालब हो गई हैं। सीप नदी का बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर बहने का अलौकिक नज़ारा इस रूट से गुजर रहे लोगों को खूब लुभा रहा है।

बारिश के समय बंजारा डैम का गेट बीच रास्ते में अटक गया था जिससे सीप नदी सूखकर धरातल में पहुंच गई थी, सीप के सूखने का असर उसकी सहायक नदी कदवाल पर भी पड़ा दोनों नदियां तेजी से सूखने के चलते शहर के लोगों ने चिंता जताते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा से गेट ठीक करने और व्यर्थ बह रहे जल को रोकने की मांग की थी कलेक्टर के निर्देश के बाद जल संसाधन विभाग ने ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुलाए थे जिन्होंने गेट ठीक कर पानी तो रोक दिया लेकिन आवदा डैम से पानी की आवक बंद होने से सीप नदी खाली ही पड़ी थी। जल संसाधन विभाग इस मामले में आश्वासन दे रहा था कि जैसे ही चंबल नहर खोली जाएगी उसका पानी सीप नदी में पहुंचेगा और नदी दोबारा से भर जाएगी लेकिन चंबल नहर के खुलने से पहले ही प्रकृति ने अपना आशीर्वाद बारिश के रूप में शायद इन सूखती जा रही नदियों को बचाने के लिए बीते दिनों बरसा दिया जिससे लगभग सूख चुकी है ये नदियां दोबारा से जीवंत हो उठी हैं।

3 अक्टूबर का नजारा





7 अक्टूबर का नजारा





### अवैध नशा कारोबार के खिलाफ आवदा थाना पुलिस की कार्रवाई

# पुलिस ने दबोचे दो नशा तस्कर, 2 किलो से अधिक गांजा और डोडा चूरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अवैध नशा कारोबार को खत्म करने के लिए पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में चलाई जा रही मुहिम के तहत आवदा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक तस्कर से कब्जे से एक किलो 211 ग्राम गांजा और दूसरे तस्कर से 1 किलो 252 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। जब्त किए गए 2 किलो 463 ग्राम मादक पदार्थ की कीमत 39 हजार रूपए के आसपास आंकी जा रही है।

आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि दो नशा तस्कर बडी मात्रा प्रतिबंधित मादक पदार्थ लेकर उसे खफाने के लिए जा रहे है। पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर इस मामले में तत्काल दबिश के लिए पुलिस टीम को भेजा गया। पुलिस टीम ने घेराबंदी करके दोनो नशा तस्करो को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान एक नशा तस्कर ने अपना नाम जीतेन्द्र उर्फ जीतू जाट पुत्र रोशन सिंह जाट निवासी नायरा पेट्रोल पंप के पास बम्होरीहाला थाना आवदा तथा दूसरे तस्कर ने अपना नाम मंगल जाट पुत्र कल्याण जाट निवासी राडेप थाना आवदा बताया है। तलाशी के दौरान जीतेन्द्र उर्फ जीतू जाट से एक किलो 211 ग्राम गांजा और मंगल जाट से 01 किलो 252 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। जिसे जब्त करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया और फिर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के अलावा एएसआई टीकाराम रावत, प्रआर गोरेलाल, अजय शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह तोमर, रमेश पनोईया, संतोष दौहरे, रविन्द्र सिंह तोमर,आरक्षक विनोद कुशवाह, राकेश कुशवाह, रामगोविन्द कुशवाह, मनोज शर्मा, मदन पटेलिया की भूमिका रही।

### नामांतर रोकने के खिलाफ लामबंद हुए लोगों ने सौंपा ज्ञापन

# अगर कॉलोनियां अवैध हैं तो फिर इन्हें स्वीकृति क्यों दी गई:दौलतराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



साहब! अगर कॉलोनियां अवैध रूप से विकसित की गई हैं तो उन्हें विकसित करवाते समय जिन राजस्व कर्मचारी और अधिकारियों ने लापरवाही बरती है उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। लेकिन जब कॉलोनी विकसित हो गई और लोगों ने अपने घर बना लिए लाखों रुपए खर्च कर प्लॉट खरीद लिया है, इसके बाद उन्हें अवैध बताकर नामांतरण पर रोक लगाया जाना समझ से परे है। वह भी रजिस्ट्री हो जाने के बाद ऐसी स्थिति में तो रजिस्टार कार्यालय पर भी प्रभावी जिम्मेदारी तय होना चाहिए कि कैसे उन्होंने रजिस्ट्री की है। यह बात पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को नामांतरण पर लगी रोक हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते समय कही।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पिछले 10-12 महिनो से राजस्व अधिकारियों द्वारा मनमर्जी से कानून का उल्लंघन करते हुए आम जनता के बयनामो के आधार पर नामांतरण अवैध कॉलोनी व टी.एन.सी.पी. का उल्लेख देकर निरस्त किये जा रहे है जबकि आम जनता विधिवत राजस्व अदा करके अपने खून पसीने की गाढी कमाई से भूखण्ड प्लाट भूमि खरीदकर मकान बनाने का सपना देखते है और ओर बयनामा पश्चात ऋण लोन आदि लेकर अपना मकान का निर्माण करते है किन्तु राजस्व कर्मचारियों द्वारा मनमर्जी से कानूनो का उल्लंघन करते हुए आम जनता के नामांतरण निरस्त किये जा रहे है जो कि अवैधानिक होकर गैर कानूनी है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रॉपर्टी डीलर और आमजन के साथ ज्ञापन देने पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को बताया कि बहुत सारे लोग जिनके नामांतरण हो चुके है उनको राजस्व कर्मचारियों द्वारा कम्प्यूटर अभिलेख खसरा पंचशाला में इन्द्राज नही किया जाकर परेशान किया जा रहा है। जिस कारण भी आम जनता परेशान है। ओर बहुत सारे लोगो के पास अज्ञानतावश पुरानी रजिस्ट्रीयों पड़ी हुई है नामांतरण राजस्व कर्मचारी तमाम अटकले अडचन पैदा करके निरस्त कर देते है। जो कि अवैधानिक है। पूर्व में कई लोगो के नामांतरण दर्ज है ओर वह अपनी आवश्यकतानुसार भूखण्ड विक्रय करते है तो भी राजस्व कर्मचारी उनके नामांतरण राजस्व अभिलेख में दर्ज नही करते है। ज्ञापन में बंद किए गए सभी प्रकार के राजस्व नामांतरणों को शुरू करने और किसी भी आमजनता गरीब व्यक्ति के नामांतरण का अधिकार सुरक्षित रखे जाने की मांग करते हुए मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी गिर्राज सिंह चौधरी, समाजसेवी बिहारी सिंह सोलंकी, कांग्रेस नेता राहुल चौहान सहित बड़ी संख्या में प्रॉपर्टी डॉलर और आमजन मौजूद रहे।

## शिक्षा अज्ञानता के अंधेरे में प्रकाश फैलाने का कार्य करती है: पाराशर



**श्योपुर।** शिक्षा अंधेरे में प्रकाश का कार्य करती है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने अधिकारों को जानता ही है उन्हें प्राप्त करने का रास्ता भी जान लेता है। यह बात जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सेवा आश्रम पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में समाजसेवी कैलाश पाराशर ने संबोधन देते हुए कही। मेरा संविधान मेरी पहचान अभियान के सूत्रधार जयसिंह जादौन ने आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि मानवीय मूल्यों व संवेधानिक मूल्यो पर संवाद हुआ इस कार्यक्रम में 45 गांव के 56 युवाओं ने भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि संविधान भारत की आत्मा है तथा सांवैधानिक मूल्य संविधान के मार्गदर्शक। इसलिए जरूरी है कि हम पढ़ाई में अन्य विषयों के साथ साथ सांवैधानिक मूल्यों की जानकारी भी उन्हें दें।ताकि हमे संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों को जान सकें। समानता, बंधुत्व,गरिमा, न्याय, स्वतंत्रता, धर्म निरपेक्षता संप्रभुता ऐसे सांवैधानिक मूल्य हैं जो संविधान की प्रस्तावना में निहित हैं। जिन्हें आप शिक्षा दे रहे हैं वे देश का भविष्य है इन्हें ही एक सक्षम व सशक्त व जिम्मेदार नागरिक बनकर देश का निर्माण करना है। इन्हें इनके कर्तव्य एवं अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है।कार्यक्रम में महावीर मीणा, योगेश कुमार, विवेक कुमार, कुसुम मथुरिया, संगीता भारद्वाज, वर्षा रानी सेन रामा सेन किशोरी शर्मा राधिका किरण निशा विजय लक्ष्मी जाट बिंदुवाला बालकिशन गोपाल नीरज ओमप्रकाश राजेश धर्मेंद्र विशाखा अजवीर शिवा अमनदीप अमृतलाल गिर्राज रिंकी अशोक कृष्ण महावीर भगवती केवट शालू आदि अनेक युवा साथियों ने भाग लिया। आभार प्रदर्शन राधावल्लभ जागिड़ ने किया।

## सुनील बने श्योपुर के भाग संयोजक

**श्योपुर।** छात्र नेता सुनील गुर्जर को अभाविप श्योपुर का भाग संयोजक बनाया गया है। वहीं राज सिंह सोलंकी को बडौदा, राहुल वैष्णव को विजयपुर और विशाल शर्मा को कराहल भाग संयोजक नियुक्त किया गया है। यह जानकारी अभाविप के जिला संयोजक गणेश शर्मा ने देते हुए बताया कि इनकी घोषणा जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग के दौरान की गई है। ये तीना नव नियुक्त पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में संगठन विस्तार को लेकर कार्य को गति प्रदान करेंगे।

# भक्तिभाव के साथ मना शरद पूर्णिमा उत्सव, भगवान को लगाया खीर का भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर की गौतम धर्मशाला स्थित श्री सीताराम जी महाराज मंदिर पर सोमवार की रात गौतम ब्राह्मण समाज द्वारा शरद उत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया और भगवान को सफेद पोशाक पहनाई गई, पूजा-आरती की गई। भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ। भगवान को खीर का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओ को खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर के अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा ने कहा कि सनातन शास्त्रों अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन देवी मां लक्ष्मी का अवतरण हुआ था। इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण ने शरद पूर्णिमा की रात में रासलीला की थी। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। जिससे प्रसन्न होकर चंद्रमा ने अमृत वर्षा की थी। कार्यक्रम में ट्रस्ट कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्य सहित बडी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरूष मौजूद थे।

# दलित की मारपीट करने वाले चार आरोपियों को छह-छह माह का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक दलित की मारपीट करने वाले चार आरोपियों को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने छह-छह माह के सश्रम कारावास और तीन तीन हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी है। तीन साल पुराना यह मामला गसवानी थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि यह मामला 17 सितंबर 2022 को तब घटित हुआ, जब दलित युवक ग्राम नहरखेड़ा निवासी कप्तान धाकड़ के खेत के पास बकरियां चरा रहा था। बकरी चराने की बात को लेकर दलित व्यक्ति की जातीय अपमान करते हुए लाठियों से मारपीट कर दी।

इस मामले में गसवानी थाना पुलिस ने हरि धाकड़ पुत्र गणेशा धाकड़, कप्तान धाकड़ पुत्र मुन्नालाल धाकड़, उत्तम धाकड़ पुत्र गणेशा धाकड़, बंटी उर्फ शिवराज धाकड़ पुत्र श्रीलाल धाकड़ के खिलाफ मारपीट और दलित उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज कर लिया और विवेचना पूरी कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में पेश किया। न्यायालय ने चारों आरोपियों को दोषी मानते हुए छह छह माह के सश्रम कारावास और तीन तीन हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### सीएम 12 को करेंगे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण

# प्रतिमा अनावरण को लेकर रार, भाजपा नेता के साथ कांग्रेस ने मिलाए सुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुल दरवाजा के पास लगी प्रतिमा का अनावरण 12 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से कराए जाने की तैयारी नगर पालिका ने कर ली है। इस बीच इस प्रतिमा के अनावरण में चौधरी चरण सिंह के परिवार जनों को शामिल करने को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेता मांग करने लगे हैं। इस मामले में वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी गिर्राज सिंह ने तो चौधरी चरण सिंह के परिवार जनों को कार्यक्रम में न बुलाने को चौधरी चरण सिंह और जाट समाज का अपमान बताकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाल दी है। इस जाट नेता द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने से भाजपा खेमे के साथ प्रशासनिक अमले में भी खलबली मच गई है। उधर कांग्रेस भी इस मामले में गिर्राज सिंह के सुर में सुर मिलाती दिख रही है। कांग्रेस नेता एवं पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता का इस मामले खुलकर भाजपा नेता जाट की बात का समर्थन करना भाजपा नेताओं के लिए मुश्किल खड़ी कर रहा है।

चौधरी गिर्राज सिंह द्वारा डाली गई पोस्ट से भाजपा नेता इसलिए परेशान दिखाई दे रहे हैं कि जाट समाज को भाजपा का वोट बैंक माना जाता है और चौधरी चरण सिंह जाट समाज के सर्वोच्च नेता रहे हैं और उनका परिवार आज भी उसी परंपरा का निर्वहन करता चला आ रहा है। चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी इस समय केंद्रीय मंत्री हैं और राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त है जिन्हें जाट नेता इस कार्यक्रम में शामिल कर प्रतिमा का अनावरण कराने की मांग कर रहे हैं। भाजपा नेताओं को डर यह है कि अगर प्रतिमा का अनावरण में चौधरी चरण सिंह के परिजनों को शामिल न कराए जाने के चलते जाट नाराज हो गए तो उन्हें यह नाराजगी आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में झेलनी पड़ सकती है। जिसके चलते वह अब जाट नेताओं की मान मुनव्वल करने और बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किए जाने शुरू हो गए हैं।



**इनका कहना...**

समस्त जाट समाज इस बात की लंबे समय से मांग करता चला आ रहा है कि चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के अनावरण में उनके परिवारजन शामिल हों। मैने उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के हाथों प्रतिमा का अनावरण कराने की मांग की थी। लेकिन प्रशासन और इसके आयोजकों ने इसकी अनदेखी की है। जिससे मैं बेहद व्यथित हूं। अगर जयंत चौधरी को कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया तो मैं इस कार्यक्रम का बहिष्कार भी कर सकता हूं।

**चौधरी गिर्राज सिंह**
**वरिष्ठ भाजपा नेता**

मैंने अपने कार्यकाल में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा लगाने की स्वीकृति परिषद से दिलवाई थी। प्रतिमा विधायक निधि से खरीदनी थी जिसका पैसा न मिलने से उसमें देरी हुई बाद में कोरोना काल आ जाने और मेरा कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण प्रतिमा नहीं लग सकी। मैंने चौधरी चरण सिंह के बेटे किसान नेता चौधरी अजीत सिंह से फोन पर बात की थी और उन्होंने मुझे प्रतिमा के अनावरण में आने की स्वीकृति दी थी चौधरी साहब के परिजनों को प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल न करना समस्त किसानों का अपमान है।

**दौलतराम गुप्ता**
**पूर्व नपाध्यक्ष**

### शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ ने शहर की दो बस्तियों में निकाले पथ संचलन

# राष्ट्र को परम वैभव पहुंचाने के लिए स्वयंसेवक अपने जीवन में पंच परिवर्तन अपनाएं : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शहर श्योपुर में बस्ती बार पथ संचलन निकाले जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को शहर की दो बस्तियों में अलग अलग पथ संचलन निकाले गए। इन पथ संचलनों में बड़ी संख्या में संघ के गणवेशधरी स्वयंसेवक हाथ में दंड लेकर शामिल हुए। अलग अलग मार्गो से निकले इस पथ संचलन का शहरवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया।

मंगलवार सुबह आठ बजे शहर की हनुमान बस्ती के स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण कृष्णा पैलेस में हुआ। पथ संचलन से पहले आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में विभाग प्रचारक मनु जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संत शशिदास महाराज, जिला संघ चालक गिर्राज सर्राफ, नगर संघ चालक सुरेन्द्र बंसल मंचासीन थे। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मनु जैन ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के कार्यों और समाज में उसकी पहचान पर प्रकाश डाला और पथ संचलन को संगठन शक्ति, समरसता और आत्मगौरव का प्रतीक बताया। उन्होंने समाज व स्वयंसेवकों से अपने जीवन में पंच परिवर्तन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के परम वैभव के लिए पंच परिवर्तन के अंतर्गत हम सब अपने दैनिक जीवन में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली एवं स्वदेशी को अपनाएं तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन करें।बौद्धिक कार्यक्रम के बाद यहां से संघ का पथ संचलन आरंभ हुआ, घोष की थाप निकले इस पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक अपनी कदम ताल मिलाते हुए गुलंबर, रामतलाई हनुमान मंदिर, गैस एजेंसी रोड, श्री हजारेश्वर कॉलोनी, विकास नगर से होकर गुजरे। पथ संचलन वापस कृष्णा पैलेस में पहुंचकर सम्पन्न हुआ।


### विजयपुर, प्रेमसर और राजपुरा में भी निकले पथ संचलन

मंगलवार को आरएसएसस के पथ संचलन शहर श्योपुर के साथही विजयपुर, प्रेमसर और बडौदा क्षेत्र के गांव राजपुरा भी निकले। विजयपुर में प्रभु उत्सव वाटिका से पथ संचलन निकाला गया। घोष की थाप पर अनुशासन के साथ कदम ताल मिलाते हुए स्वयंसेवकों का पथ संचलन अस्पताल, गांधी चौक, बस स्टैंड, कोठारी पैलेस, कन्या शाला, मेन बाजार होते हुए गणेश कॉलेज में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इस तरह ग्राम प्रेमसर और राजपुरा में निकले पथ संचलन भी गांव के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरे। तीनों जगह निकले पथ संचलन पुष्प वर्षा करते हुए लोगों के द्वारा स्वागत किया गया।

### मेला मैदान से निकला कबीर बस्ती का पथ संचलन

मंगलवार को शहर में दूसरा पथ संचलन मेला मैदान से आरंभ हुआ। मेला मैदान में शहर की कबीर बस्ती के स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। यहां जिला सह संघ चालक अशोक माधवनी की अध्यक्षता में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में संघ के जिला कार्यवाह रामअवतार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। मुख्य वक्ता रामअवतार शर्मा ने कहा कि संघ समाज में राष्ट्रभावना, अनुशासन, एकता और सेवा का संस्कार स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों की इस यात्रा में संघ ने समाज के हर वर्ग में राष्ट्रीयता की भावना को जागृत किया है। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद मेला मैदान से आरंभ हुआ पथ संचलन वार्ड क्रमांक 17, कुम्हार मोहल्ला, बडौदा रोड, पटेल चौक और श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर होते हुए वापस मेला मैदान में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। पथ संचलन में देश भक्ति गीतों पर कदम ताल मिलाते हुए चले स्वयंसेवकों का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप



### शरद पूर्णिमा पर आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज की जयंती पर हुए कार्यक्रम

**बीना।** शरद पूर्णिमा पर दिगंबर जैन समाज के द्वारा इटावा जैन मंदिर में मुनि श्री सुब्रत सागर महाराज के सानिध्य में आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज की जन्म जयंती धार्मिक हुए। जन्म जयंती पर समाजजनों के द्वारा आचार्य छत्तीसी विधान के साथ मंदिर में विराजमान जिनेंद्र भगवान की प्रतिमाओं का अभिषेक, शांति धारा कर पुण्यार्जन किया। इसके बाद विधान के मंत्रों का भक्ति के साथ आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री सुब्रत सागर महाराज ने कहा कि जहां पर सारा विश्व जन्म जयंती का महोत्सव मानता है वहीं पर जैन धर्म जन्म जरा मृत्यु को नष्ट करने के लिए साधन करता है। मुनिश्री ने परम पूज्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के परिवार और उनके माता-पिता के पुण्य की सराहना करते हुए कहा कि हम और आप जैसे लोगों के कल्याण के लिए गुरु महाराज ने इस समय में जन्म लिया। वरना वह तो इतने पुण्य आत्मा थे कि पहले जन्म लेकर अपनी आत्मा का कल्याण कर लेते पर हम और आप जैसे प्राणियों के कल्याण के लिए उन्हें धरती पर आकर हमारा कल्याण करने के लिए जन्म लेना पड़ा। विद्या सुब्रत संघ महिला समूह के द्वारा विधान के साथ-साथ शरद पूर्णिमा के अवसर पर खीर का वितरण किया गया और कुछ बच्चों के मुंडन संस्कार भी हुए। संध्या बेला में 36 दीपों के द्वारा आचार्य महाराज की आरती के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

### टक्कर से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत वृन्दावन धाम कॉलोनी के सामने ईसागढ़ रोड़ पर ऑटो क्रमांक एमपी33 आर 2431 के चालक संतोष अहिरवार ने अपनी टेक्सी को तेजी व लापरवाही से चलाकर सड़क पर बैठे मवेशियों में टक्कर मारी दी। जिससे बल्लू पुत्र ओमकार आदिवासी निवासी ग्राम कुलवार को चोटे आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### चोरी करने का प्रयास

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत पड़रिया पुलिस लाईन के पीछे निवासी हल्के पुत्र मुन्नालाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोनू जाटव, बलवीर सिक्ख, मुकेश आदिवासी, जगभान सिंह राजपूत ने फरियादी के घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

## जनजाति समुदाय का कल्याण सरकार की प्राथमिकता: राज्यपाल मंगु भाई पटेल

# वर्षा की रिमझिम फुहारों और आदिवासियों के पारंपरिक नृत्य के बीच खानपुर पहुंचे राज्यपाल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने अशोकनगर जिले की चन्देरी तहसील के ग्राम खानपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनजाति समुदाय का कल्याण ही केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है। जनजातीय समुदाय के उत्थान को ध्यान में रखकर योजनाएं संचालित की जा रही हैं। राज्यपाल ग्राम खानपुर में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि साथी एवं आदि सहयोगियों से संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्राम के जनजातीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 24 हजार करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया गया है, जिससे आदिवासियों के जीवन में बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि आरोग्य केंद्रो के माध्यम से सिकल सेल बीमारी की जांच की सुविधा, बच्चों को कुपोषण से मुक्ति तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने ग्राम खानपुर के हितग्राही से बात करने पर हितग्राही ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे पक्के घर के सपने को साकार किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गरीबों को गैस सिलेंडर की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत बालिकाओं को तथा लाडली बहना योजना के अंतर्गत महिलाओं को लाभ मिल रहा है।

### वोकल फॉर लोकल के संदेश के साथ स्थानीय लोगों से उत्पाद खरीदें

उन्होंने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के संदेश स्वदेशी उत्पाद अपनाने को चरितार्थ करने हेतु दीपावली पर्व पर वोकल फॉर लोकल को संदेश को साकार करते हुए स्थानीय लोगों से उत्पादों को खरीदें। उन्होंने चंदेरी साड़ी उत्पाद को स्थानीय स्तर पर भी खरीदें जिससे यहां के बुनकरों को लाभ मिल सके। उन्होंने जनजातीय परिवारों के बच्चों को शिक्षित किए जाने पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चिंताओं से मुक्ति प्रदान की है। आजीविका मिशन से जुड़ी बहनों को आर्थिक स्वावलंबन बनाकर आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर हो रही है।





### आंगनबाड़ी केंद्र व आदि सेवा केंद्र का किया निरीक्षण

राज्यपाल द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र खानपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान राज्यपाल ने उपस्थित बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया। उन्होंने गर्भवती माताओं को पोषण सामग्री एवं कुपोषित बच्चों को मोरिंगा पाउडर का वितरण किया। इस दौरान हितग्राहियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रमाण पत्र प्रदान किये। इस दौरान ग्राम खानपुर में संचालित आदि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,कलेक्टर आदित्य सिंह,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री जनमन योजना जनजातीय समाज के लिए महत्वपूर्ण कदम

प्रधानमंत्री जनमन योजना को जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है, यह योजना युवाओं को कौशल, विकास और रोजगार से जोड़कर उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धरती आबा योजना जनजाति परिवारों को आवास, पेजयल, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। जिससे जनजाति समुदाय के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं। महिला क्रिकेट में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने वाली आदिवासी खिलाड़ी ने देश का नाम रोशन किया है।

### राज्यपाल ने हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। उन्होंने उर्मिला आदिवासी तथा रोशनी आदिवासी को सिकल सेल कार्ड का वितरण किया। उन्होंने मुन्नालाल आदिवासी तथा उमा देवी आदिवासी को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। कार्यक्रम में टीवी से पीड़ति जयराम आदिवासी, ममता प्रजापति, जालम सिंह आदिवासी, करण सिंह आदिवासी तथा तुलसी अहिरवार को पोषण टोकरी वितरित की गई। हथकरघा उद्योग हेतु तकनीकी विकास योजना अंतर्गत रजत कोहली को 3 लाख 38 हजार रूपये की वित्तीय सहायता पर का चेक प्रदान किया गया।

**राज्यपाल ने कराया जनमन आवास की लाभार्थी को गृह प्रवेश:** राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने ग्राम खानपुर में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत जनमन आवास से लाभान्वित हितग्राही धनियाबाई को गृह प्रवेश कराया। गृह प्रवेश के उपरांत उन्होंने धनिया बाई के परिवार जनों से चर्चा कर उन्हें बधाई दी। राज्यपाल पटेल द्वारा ग्राम खानपुर के कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस दौरान ग्राम खानपुर में आगमन पर राज्यपाल का स्थानीय आदिवासियों द्वारा पारम्परिक नृत्य सैरा के माध्यम से स्वागत किया। राज्यपाल पटेल द्वारा प्राथमिक विद्यालय खानपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूली बच्चों से संवाद कर मध्यान्ह भोजन सहित अन्य बेसिक जानकारी बच्चों से ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पेन, काफी भेंट की। राज्यपाल ने आरोग्य केंद्र खानपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य चेकअप करा रहे लोगों से चर्चा की। साथ ही चिकित्सकों से सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं उपचार के बारे में जानकारी ली। इस दौरान राज्यपाल द्वारा परिसर में आम का पौधारोपण किया।

## बाजार में मिठाईयों की दुकानों पर बढ़ी डिमांड मावे के लडडूओं की शहर में सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शहर में आगामी पर्व और त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। इस मौके पर कईं कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शहर के गांधी चैक पर मावे के लडडुओं की दुकानें सजी हैं तो कई मिठाई विक्रताओं के यहां भी यह लडडू बिक रहे है।

शरद पूर्णिमा के मौके पर सोमवार से इस पर्व की शुरूआत हो गई है जो मंगलवार को भी मनाया जाएगा। मंदिरों पर खीर के वितरण शुरू हो गए हैं। शहर में दर्जनों स्थानों पर खीर का वितरण किया जाएगा। जैन समाज समाधिष्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के अवतरण दिवस को शरद पूर्णिमा के दिन मनाती आई है। इस वर्ष भी अनेक आयोजन होगें और आचार्य श्री का स्मरण किया जाएगा। शहर के मानस भवन पर बलवीर साहू द्वारा 7101 कन्याओं का पूजन और कन्या भोज रखा गया है। वहीं बाल्मीक समाज द्वारा भक्ति भाव से बाल्मीक जयंती मनाई जाएगी।

## शिक्षक शिवकुमार भार्गव के सेवानिवृत्त होने पर स्टाफ के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर दी विदाई

**अशोकनगर।** नईसराय कस्बे के शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक शिवकुमार भार्गव के सेवा निवृत्त होने पर स्कूल स्टाफ के द्वार स्कूल परिसर में बिदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा निवृत्त शिक्षक शिवकुमार भार्गव को उनके निवास से ढोल गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लखनलाल नामदेव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा सेवा निवृत्त हुए शिक्षक शिवकुमार को तिलक लगाकर माला पहनाकर एवं श्रीफल शॉल भेंटकर सम्मान किया गया। बिदाई कार्यक्रम में उपस्थित सेवा निवृत्त हुए शिक्षकों का स्कूल प्रधानाध्यापक सीताराम अहिरवार, शिक्षक नरेंद्र कुमार कोरी के द्वारा सभी सेवा निवृत्त शिक्षकों का श्रीफल शॉल देकर सम्मान किया गया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि आज सेवा निवृत्त हो रहे शिक्षक शिवकुमार भार्गव का कार्यकाल बहुत ही बढ़िया रहा वह हमेशा स्कूल में आना और छात्राओं को पढ़ाना समय पर स्कूल आना और अपने काम को ईमानदारी से करना और कर्तव्यों का पालन करना रहा है। स्कूल प्रधानाध्यक सीताराम अहिरवार, नरेंद्र कुमार कोरी सहित स्टाफ के द्वारा सेवा निवृत्त शिक्षक शिवकुमार भार्गव को भगवान शंकर की तस्वीर, श्रीफल शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया सेवा निवृत्त कार्यक्रम में पीएमश्री हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य ओपी शिवहरे, सरपंच मुन्नीबाई रघुवंशी, नफीस उद्दीन, रामजीवन भार्गव,शिक्षक राकेश भार्गव, रामप्रसाद सेन, बाबूलाल सोनी, रामेंद्र सिंह, कन्या हाई स्कूल प्राचार्य दिलीप सेन, सहित सेवा निवृत्त हुए शिक्षक की पत्नी सहित उनके परिवार जन भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।



## पहली बार मुनि श्री की गददी के बीच दूसरी गददी लगाई गई

# जिनशासन की गद्दी से विदुषी बहन ने धर्म सभा को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





सोमवार को अशोकनगर के लिए धर्म सभा की गद्दी पर किसी महिला बेटी या विदुशी के रूप में बैठकर परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में सभा को सम्बोधित करना अपने आप में ऐतिहासिक रहा। जिस गद्दी पर पुरुष समाज का एकाधिकार था उसी जिनशासन की गादी पर जैन समाज के क्रांतिकारी संत मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने अपने आगे एक दुसरी गादी लगाकर श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर से पधारी बिटिया विदुशी बहन आयुशी शास्त्री के द्वारा अपने सम्मुख धर्म सभा को सम्बोधित करने के लिए आशीर्वाद दिया। विदुषी बहन ने जहां धर्म सभा को संबोधित किया वहीं मुनिश्री के मंगल प्रवचन भी हुए।

इस मौके पर राष्ट्र संत श्री सुधासागर जी महाराज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छा आदमी यदि बुरा काम करेगा तो उसका नाश हो जायेगा आपके पास अच्छा करने की योग्यता थी फिर भी बुरा काम करने लगे इसका फल बहुत ख़तरनाक है। अयोग्य व्यक्ति ने अच्छा काम किया तो भी बुरा होगा। हम साधु लोटें से पैर धायेगा तो हमारा नाश हैं तुम ने कमंडल से पैर धोये तो तुम्हारे लिए ऐसा कर्म वंधेगा कि तुम्हारे लिए कभी कमंडल ही नहीं मिलेगा। अच्छे कार्य करने के योग्य हो कुछ अच्छा करें चाहे देश के लिए समाज के परिवार के लिए कुछ तो अच्छा करें। योग्यता का प्रसंग चल रहा है वहीं क्यों।

### जैन समाज की गद्दी पर मुनिश्री के समक्ष बैठीं विदुशी

विदुशी बहन आयुशी शास्त्री ने जैन धर्म के आध्यात्मिक महान ग्रन्थ श्री समय सार जी पर प्रवचन देते हुए कहा कि जो अपने आप स्थिति है। वह स्वयं समय है समय का अर्थ है आत्मा। हमें अपनी आत्मा का चिंतन करते रहना चाहिए क्योंकि इस जगत में यही आत्मा सबसे सुंदर श्रेष्ठ प्रयोजन बान है। इस आत्मा से मुक्ति वंधी है इस सांसर में समय सारी बही है जो अपनी आत्मा को प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो रहे हैं विशाल जन समूह की जय जय करो के बीच कहा कि जव व्यक्ति था जो अपने निज में जाना चाहता था वह जैसे ही द्वार खोलता है वह एक आठ फर्ण वाला सर्प फन फैलाए बैठा है। ऐसे ही हमें अपने निज घर जाना है और जव दरवाजा खोलते हैं तो आठ कर्मों रुपी सर्फ फैलाकर बैठ है जो हमें अपने निज घर जाने से रोक रहें हैं।

### दुख आने पर दुखी मत होना और सुने तुम किसी को झूठ बोलने जा रहे थे नहीं बोल पाए

उन्होंने कहा कि दुख आने पर दुखी मत होना और सुनें तुम किसी को झूठ बोलने जा रहे थे नहीं बोल पाये। तुम पाप करने गये नहीं कर पाये। यह निधत्य निकाचित कर्म वंधता है यह कभी कटेगा नहीं। यह जो दुःख की अनुभूति है इससे जो कर्म बंध होगा वह कभी नहीं कटेगा उससे जो कर्म बंध होगा उसके फल को भोगना ही पड़ेगा। अपने हीमेश अपने गार्जियन या अच्छे लोग नहीं आ पाये इससे खुशी हो रही है तो इससे भी सावधान रहना तो क्या करें दुखी होने से कुछ नहीं होगा। आप सबसे पहले क्यों पर चले जायें। धर्म ध्यान चालू हो जाएगा इस दुःख से कम करने का कोई मंत्र नहीं है। दुख आयें तव रोना मत। यह पता लगाना कि ये दुःख क्यों आया इसका पता लगाना कि मेरी गलती कहा है मैं कहां तक निमित्त बना हूं। जैसे ही तुम निमित्त की तरफ जाओगे जैसे ही तुम क्या पर चले गए तो खुशी एक दिन के लिए आई थी। वह छः महीने तक वनी रहेंगी और जो खुशी छ महीने को आई है वह पूरे जीवन वनी रहेंगी।

### शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

इसके पहले आज समयसार शिक्षण प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ पर आचार्य श्री के चित्र का अनावरण कोटा से पधारे अशोक कुमार विवेक कुमार आनंद जैन ठौरा परिवार कोटा ने किया बही दीप प्रज्जवलन पुण्यार्जक परिवार हरीश कुमार निर्मल कुमार मिर्ची परिवार द्वारा किया गया। जिनका सम्मान जैन समाज के उपाध्यक्ष अजित वरोदिया महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा द्वारा किया गया। इसके साथ ही जगत कल्याण की कामना करने वाले सभी भक्तों का सम्मान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय के टी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया।

## रघुवीर जिलाध्यक्ष व हर्षवर्धन नामदेव नगर अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

क्षत्रिय नामदेव समाज द्वारा इस बार और अधिक भव्यता के साथ संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती मनाई जाएगी। इसको लेकर रविवार को स्थानीय चैधरी का बगीचा स्थित नामदेव समाज के मंदिर पर समाज की बैठक रखी गई। बैठक में नामदेव जयंती मनाने, मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर सर्व सम्मत्ति से समाज के जिला अध्यक्ष के पद पर रघुवीर नामदेव और नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन नामदेव का मनोनयन किया गया।

इस दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाज के जिला अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सर्व सहमति से सौंपी गई। इस दौरान उपस्थित समाज के लोगों ने पुष्प हार पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज की एकता संगठन सेवा एवं विकास कार्यों के लिए समाज जनों का निष्ठा पूर्वक सहयोग प्राप्त हो ऐसी हमें अपेक्षा है। आप सभी के सहयोग से संत शिरोमणि नामदेव महाराज का मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा। समाज की गतिविधियों को सभी मिलकर पूर्ण करेंगे। उन्होंने दोहराया कि एकता, संगठन सेवा ही समाज की वास्तविक शक्ति है। इस दौरान उक्त सूचना समाज के अभिलेख एवं संबंधित विभागों, संगठनों के संज्ञानार्थ निर्गत की गई। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे। जिनमें राजेश नामदेव पहलवान बरखेड़ा वालो का कमेटी बनाने में विशेष योगदान रहा रमेश नामदेव प्रेम कटपीस विशन नामदेव नामदेव सिलाई मशीन राम मूर्ति नामदेव कल्याण किराना नंदन नामदेव नेताजी राजेश नामदेव शिक्षक मसीदपुर वाले भगवत नामदेव शिक्षक प्रेम नारायण नामदेव भोजनालय बाले राजू नामदेव चंदेरी धनपाल नामदेव ट्रेलर मोहन नामदेव मूलचंद नामदेव सेमरा हाट बाले शिव नारायण आदि मौजूद रहे।